संघ लोक सेवा आयोग
नोटिस
<u>इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा - 2019</u>

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 06 जनवरी, 2019 (रविवार) को देशभर में विभिन्न केंद्रों/ परीक्षा स्थलों पर इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2019 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों के लिए अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) पर **ई-प्रवेश पत्र** अपलोड किए हैं। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र सहित पहचान का प्रमाण (ऑनलाइन आवेदन में प्रविष्टि के अनुरूप) जैसे आधार कार्ड/ मतदाता पहचान-पत्र/ पेन कार्ड/ पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस/ राज्य/ केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया कोई अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

यदि, ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है, उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित **दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** के साथ-साथ एक परिवचन साथ लाना होगा। <u>**इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**</u> ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी usengg-upsc@nic.in पर अधिकतम 29 दिसंबर, 2018 तक सूचित किया जाए, जिससे कि ऐसे मामलों में आयोग निर्णय ले सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

<u>*यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात् पूर्वाह्न सत्र के लिए प्रात: 09:50 बजे तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 01:50 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।*</u>

<u>*उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*</u>

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ **काला बॉल पॉइंट पेन** लेकर आएं।

इस परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा आयोग को 07 से 13 जनवरी, 2019 की अवधि के दौरान केवल "प्रश्नपत्र अभ्यावेदन ऑनलाइन पोर्टल" ["Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल: https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त तथा 13 जनवरी, 2019 के बाद आयोग द्वारा कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव जैसा कोई स्टोरेज मीडिया, स्मार्ट वॉच इत्यादि अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरी चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई सहित भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन कर दिया जाएगा।

कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।

<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>
नई दिल्ली-110069 दिनांक: 18 दिसंबर, 2018